ग्वालियर | रविवार | 8 फरवरी 2026 | वर्ष 31 | अंक 174 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




# देश में बढ़ेगा दाल उत्पादन

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा
- सीहोर के अमलाहा में दलहन क्षेत्र का राष्ट्रीय सम्मेलन



**सीहोर, 07 फरवरी. अमलाहा में शनिवार को आयोजित दलहन क्षेत्र के राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री सहित नौ राज्यों के कृषि मंत्री शामिल हुए. इस अवसर पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना विकसित और आत्मनिर्भर भारत का है. उन्होंने कहा कि दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता देश के लिए आवश्यक है और विदेशों से दाल आयात करना गर्व नहीं, बल्कि चिंता का विषय है.**

राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 27 देशों के साथ समझौते किए, लेकिन किसानों के हितों से समझौता नहीं होने दिया. अब लक्ष्य है कि देश में दालों का उत्पादन बढ़ाया जाए. उन्होंने फसल विविधीकरण पर जोर देते हुए कहा कि एक ही फसल बोने से जमीन भी थकती है और कीटों का प्रकोप बढ़ता है, इसलिए चना, मसूर, उड़द और तुअर जैसी फसलों को बढ़ावा देना जरूरी है. केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि आदर्श खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 10 हजार रुपए की सहायता भी दी जाएगी.

केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि देशभर में 1 हजार नई दाल मिलें स्थापित की जाएंगी, जिनमें से 55 की स्थापना मध्य प्रदेश में होगी. सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि तुअर 8 हजार रुपए, उड़द 7, 800 रुपए, चना 5,875 रुपए और मसूर 7 हजार रुपए प्रति क्विटल खरीदी जाएगी.

### दलहन-तिलहन मिशन में अग्रणी कार्य करेंगे : मुख्यमंत्री

दलहन क्षेत्र के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय परंपरा में अन्न और दाल का विशेष महत्व है. हमारी थाली में परोसा गया अन्न ही हमारे लिए देवतुल्य है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि किसान, युवा, गरीब और नारी सशक्तिकरण के लिए निरंतर योजनाएं चलाई जा रही हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की कृषि परंपरा प्राचीन और समृद्ध रही है। प्रदेश में स्थापित अनुसंधान केंद्र किसानों के हित में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनें.

बीज से लेकर बाजार तक किसानों की चिंता सरकार करेगी. उन्होंने बताया कि सम्मेलन के बाद सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ मंथन कर दलहन उत्पादन बढ़ाने का राष्ट्रीय रोडमैप तैयार किया जाएगा. इस मिशन के तहत मध्य प्रदेश को 354 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी.

शेष पेज 2 पर

# पाक को एक बूंद पानी नहीं दिया जाएगा : केंद्रीय मंत्री

- डीपीआर किया जा रहा है तैयार
- हरियाणा, पंजाब , दिल्ली एवं राजस्थान को मिलेगा लाभ




**जयपुर, 07 फरवरी. केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान को सिंधु जल संधि के तहत एक बूंद पानी नहीं दिया जाएगा. वह यहां केंद्रीय बजट पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे.**

एक सवाल के जवाब में पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत अप्रैल में इस संधि को स्थगित कर दिया था. पानी को लेकर डीपीआर बन रहा है और अब पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं दिया जाएगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को पानी नहीं दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि अभी जो पानी छोड़ना पड़ रहा है, उस बारे में वह कुछ नहीं कहना चाहते. पाकिस्तान को अभी जारी पानी कब तक रुकने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब रुकेगा तब बता दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि डीपीआर पर काम हो रहा है और इससे हरियाणा, पंजा , दिल्ली एवं राजस्थान इन सबको को पानी मिलेगा और इनकी पानी की समस्या हल हो जाएगी.

### भारत की आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत हुई

देश की अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत की आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत हुई है और महंगाई पर नियंत्रण रखा गया है. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री होने के बावजूद उनके कार्यकाल में भारत वैश्विक आर्थिक रैंकिंग में 10-11वें स्थान से आगे नहीं बढ़ सका, जबकि वर्तमान में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है. सकारात्मक परिणाम सामने आने की उम्मीद यमुना जल परियोजना पर चर्चा करते हुए पाटिल ने कहा कि राजस्थान का इस पानी पर अधिकार होने के बावजूद पूर्ववर्ती सरकारों ने पर्याप्त प्रयास नहीं किए। अब हरियाणा और राजस्थान सरकार के बीच डीपीआर तैयार करने पर सहमति बन चुकी है और जल्द ही काम शुरू होने की संभावना है।



भारत ने अमेरिका के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौता किया और दुग्ध किसानों के हितों की रक्षा की!

# कूनो में आशा चीता ने 5 शावकों को दिया जन्म, संख्या हुई 24

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर/ग्वालियर।** कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता आशा ने पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इस उपलब्धि के साथ भारत में जन्मे चीता शावकों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है, जबकि कूनो में कुल चीतों की आबादी 35 तक पहुंच गई है। डीएफओ आर थिरूकुरल ने बताया कि आशा और उसके सभी शावक स्वस्थ हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने इसे प्रदेश और देश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और वन विभाग, कर्मचारियों तथा पशु चिकित्सकों के प्रयासों की सराहना की। कूनो नेशनल पार्क में 27 चीते पहले से मौजूद थे।

नए शावकों के जन्म से यह संख्या बढ़ी है, जो अब 32 पर पहुंच गई है। वन्यजीव संरक्षण के एक मजबूत केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

# पीएम इब्राहिम ने किया पीएम मोदी को रिसीव

### दो दिवसीय मलेशिया दौरा



**कुआलालंपुर, 07 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मलेशिया पहुंचे हैं. राजधानी कुआलालंपुर पर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया.**

इसके बाद दोनों नेता एक साथ कार में कुआलालंपुर में एक कम्युनिटी इवेंट में शामिल होने लिए गए. इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में भारतीय समुदाय ने एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक प्रस्तुत की गई.

पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है. नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं. चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं. हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं. भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं. दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी, लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है. आज भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है.

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है और वे आभारी हैं कि भारत से उनके एक अच्छे दोस्त मलेशिया आए हैं. उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भारत और मलेशिया के बीच पुराने और मजबूत रिश्ते को दिखाता है. उन्होंने कहा कि दूतावास और व्यापार समझौते बनने से बहुत पहले ही भारत और मलेशिया के बीच समुद्र के रास्ते संपर्क था.

### मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच दिखे गहरे संबंध

मलेशिया की राजधानी में लैंड करने पर, प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया. अनवर इब्राहिम खुद पीएम मोदी को रिसीव करने आए थे, जो दोनों नेताओं के बीच गहरे संबंधों को दिखाता है.

# पहली बार बीएमसी में बीजेपी की मेयर

**मुंबई.** मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए बीजेपी और शिवसेना ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है. बीजेपी की रितु तवाड़े ने शनिवार को महापौर पद के लिए नॉमिनेशन दाखिल किया, जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) ने संजय घाड़ी को डिप्टी मेयर पद का उम्मीदवार बनाया है. तवाड़े और घाड़ी ने नगर निगम सचिवालय में नामांकन दाखिल किया. इस दौरान मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे. मेयर का चुनाव 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे होगा. संभावना है कि शिवसेना ठाकरे गुट भी मेयर पद के लिए उम्मीदवार खड़ा कर सकता है. रितु तावड़े के नाम के ऐलान के साथ बीजेपी ने मराठी व्यक्ति को मेयर बनाने का अपना वादा पूरा किया है. साथ ही शिवसेना यूबीटी और मनसे की आलोचनाओं पर भी विराम लगा दिया है.



- शिंदे गुट ने संजय घाड़ी को डिप्टी मेयर के लिए चुना

**खुशखबर** | पियूष गोयल बोले-किसानों और मछुआरों को मिलेगा बड़ा फायदा

# भारत पर अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ खत्म



**नई दिल्ली, 07 फरवरी. भारत पर अमेरिकी अतिरिक्त टैरिफ शनिवार से पूरी तरह समाप्त हो गया है. कॉमर्स और उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अब भारतीय कृषि और अन्य प्रमुख उत्पाद अमेरिका में जीरो ड्यूटी पर निर्यात किए जाएंगे. इसके परिणामस्वरूप किसानों, मछुआरों और एमएसएमई सेक्टर को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा.**

गोयल ने स्पष्ट किया कि इस समझौते में जीन संशोधित खाद्य पदार्थों को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई है. उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों को 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के अमेरिकी बाजार तक पहुंच खोलेगा.

### समझौता मेक इन इंडिया को करेगा मजबूत : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे दोनों देशों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया. उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत में मेक इन इंडिया पहल को और मजबूत करेगा और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई देगा. इस समझौते से किसानों, मछुआरों, MSME, टेक्नोलॉजी कंपनियों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को अमेरिकी बाजार में आसान और व्यापक पहुंच मिलेगी. विशेषज्ञों के अनुसार यह कदम भारत-अमेरिका व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है.

### यूएस ट्रेड डील में दिखाया भारत का पूरा नक्शा

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम ट्रेड डील के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ एक और बात ने सबका ध्यान खींचा है. ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी भारत के नक्शे ने पाकिस्तान को असहज कर दिया है और कूटनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है. ट्रेड डील की जानकारी जारी करते समय अमेरिका के ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ऑफिस ने भारत का जो आधिकारिक नक्शा साझा किया, उसमें पूरा पीओके और अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया गया है.



धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा प्रोटेक्शन प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.